## प्रेस नोट दिनांक 21.09.2023

## थाना कोतवाली जिला बरेली।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बरेली महोदय द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20/09/2023 वादी श्री सुरेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र सोहन लाल निवासी मो0 मणिनाथ, सुभाषनगर बरेली की तहरीरी सूचना के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 363/2023 धारा 66D आईटी एक्ट के अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र भगवान दास निवासी नकडरु,पचियाली,कासगंज उ0प्र0 की निशादेही पर करगैना स्थित स्वास्तिक हास्पिटल के पास बजाज फिनसर्व कार्यालय से कुल 17 अदद मोबाइल ( 11 अदद कीपैड व 06 अदद टच स्क्रीन ) व कुल 02 अदद लैपटाप डेल कम्पनी व 01 अदद टैबलेट लिनोवा कम्पनी व कुल 59 अदद सिम (भिन्न-भिन्न कम्पनी ) व एक अदद मोहर HDFC बैंक रंग नीला व कुल 06 अदद डेबिट कार्ड भिन्न-भिन्न बैंक कार्ड व 08 अदद फार्म HDFCबैंक मोहर लगे फार्म व 11 अदद फार्म HDFCबैंक खाली बरामद हुए ।अभियुक्तगण द्वारा वर्क इण्डिया वेबसाईट पर एक आईडी 6398111476 खरीद रखी है इससे लोगो का डॉटा/रिज्यूम प्राप्त कर इन लोगों को जाब का आफर देकर फाईल चार्ज व नौकरी के नाम पर क्यू आर कोड व अन्य माध्यमों से भिन्न-भिन्न खातों में रुपया प्राप्त कर ठगी कर फर्जी बैंको की मोहर कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी कर पैसा प्राप्त करते है। मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 420/467/468/471 आईपीसी की बढोत्तरी कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त पुष्पेन्द्र उपरोक्त को नियमानुसार अन्तर्गत धारा 420/467/468/471 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्ट में जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** पुष्पेन्द्र पुत्र भगवानदास निवासी नकडरु,पटियाली,कासगंज उ0प्र0 हाल निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क म0नम0 177/5 सोब्ती स्कूल के पास थाना बारादरी, जिला बरेली।

**फरार अभियुक्तगण का विवरणः-**

**1.**टिंकू मौर्य उर्फ हेमपाल उर्फ विनयपाल पुत्र वीरेन्द्रपाल निवासी डोलापुर जिला बदायूं हाल पता हाल निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क म0न0 197 सोब्ती स्कूल के पास थाना बारादरी, जिला बरेली।

**2.**अंशुल उर्फ प्रियांशु पुत्र कप्तान सिंह निवासी दारापुर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद उ0प्र0 हाल निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क म0न0 177/5 सोब्ती स्कूल के पास थाना बारादरी, जिला बरेली।

**<u>बरामदगीः-</u>** कुल 17 अदद मोबाइल ( 11 अदद की पैड व 06 अदद टच स्क्रीन ), कुल 02 अदद लैपटाप डेल कम्पनी , कुल 01 अदद टैबलेट लिनोवा कम्पनी , कुल 59 सिम भिन्न भिन्न नेटवर्क कम्पनी ,एक अदद मोहर HDFC बैंक रंग नीला ,08 अदद फार्म HDFC बैंक मोहर लगे ,11 अदद खाली फार्म HDFC बैंक , 06 अदद डेबिट कार्ड भिन्न भिन्न बैंक।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह थाना कोतवाली, बरेली।

2.निरीक्षक अपराध श्री वीरेन्द्र बहादुर सिंह थाना कोतवाली, बरेली।

3.उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह उज्जवल थाना कोतवाली, बरेली।

4.उ0नि0 श्री ओम कुमार थाना कोतवाली, बरेली।

5.उ0नि0 श्री हर किशोर मौर्य थाना कोतवाली, बरेली।

6.हे0 का0 244 जय प्रकाश थाना कोतवाली, बरेली।

7.का0 275 निखिल कुमार थाना कोतवाली, बरेली।

8.का0 चालक राज कुमार थाना कोतवाली, बरेली।